सत्यमेव जयते

**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**
**प्रेस विज्ञप्ति–2**

**राजभवन देहरादून 13 जनवरी, 2025**

सोमवार को राजभवन में लोहड़ी का पर्व पूरे हर्षोल्लास और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) और प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने इस विशेष अवसर पर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रीति–रिवाजों के तहत आग जलाने से हुई, जिसमें उपस्थित सभी ने लोहड़ी की परिक्रमा कर सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर गिद्धा और भांगड़ा जैसे पारंपरिक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने कार्यक्रम को और भी जीवंत और रंगारंग बना दिया।

राज्यपाल ने इस मौके सभी लोगों को लोहड़ी की शुभकामनाएँ देते हुए इसे फसल कटाई और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का पर्व बताया। उन्होंने कहा कि यह त्योहार हमारी सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है और समाज में आपसी प्रेम और एकजुटता का संदेश देता है।

राज्यपाल ने कलाकारों की प्रतिभा की सराहना की। इस अवसर पर सचिव श्री रविनाथ रामन, अपर सचिव श्रीमती स्वाति एस भदौरिया, विधि परामर्शी श्री अमित कुमार सिरोही एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

............0............